छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2017 ▪ वर्ष-13

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

## सौभाग्य

गाँव हो या शहर, रोशन होगा हर घर

बेमिसाल 14 साल



छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2017

## संरक्षक



**श्री शिवराज सिंह**
अध्यक्ष



**श्री सुबोध सिंह**
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग कंपनी)



**श्री अंकित आनंद**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन कं.)



**श्रीमती तृप्ति सिन्हा**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन कं.)



**श्री ओ.सी. कपिला**
प्र. प्रबंध निदेशक
(जनरेशन कंपनी)



**देवाशीष नंदी**
महाप्रबंधक
(मा.सं.)

संपादक : संकल्प
**विजय मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कं.मर्या.
डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com


सहयोग
**जाबिर मोहम्मद कुरैशी**

छायाकार
**संजय टेम्बे**

# छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी मर्यादित

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | दिसंबर 2017 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 97 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11556 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1052 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 19486 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 142550 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 100030 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 172982 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 19445 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 99.37 |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 31225 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 396267 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1551431 |



# बिजली तिहार में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बैगा परिवारों को दिया सौभाग्य योजना हितग्राही प्रमाण पत्र



छत्तीसगढ़ में 12 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में बिजली तिहार के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं मंचासीन विशिष्ट अतिथियों ने राजनांदगांव के ग्राम बोरी में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का लोकार्पण कर ''मुख्यमुंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना'' की शुरूआत की तथा ''14 साल विद्युत विकास बेमिसाल'' पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन किया। इस अवसर पर मान.मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बिजली के माध्यम से कृषि एवं उद्योग जगत में अभूतपूर्व प्रगति परिलक्षित हुई है। भविष्य में भी बिजली के माध्यम से राज्य में सतत् विकास किया जायेगा। उपस्थित बैगा परिवार एवं अन्य गरीब परिवारजनों को सौभाग्य योजना के अन्तर्गत विद्युत कनेक्शन का प्रमाण पत्र तथा एलईडी लैम्प प्रदान किये गये। समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विशेष सचिव ऊर्जा श्री कोमल सिंह परदेसी, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद, कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल, श्री अविनाश सोनेकर, श्री वी.आर.के. मूर्ति एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने किया।

समारोह में राजनांद गांव जिले के माननीय सांसद श्री अभिषेक सिंह ने पूरे प्रदेश सहित राजनांदगांव जिले में पिछले चौदह वर्षों में किये गये विद्युत विकास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिजली के माध्यम से कृषि जगत सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है इससे प्रदेश में समृद्धि आई हैं। क्रेड़ा द्वारा स्थापित स्टाल पर अध्यक्ष श्री पुरन्दर मिश्रा ने क्रेड़ा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए वनांचल एवं कृषि जगत में सौर ऊर्जा से हो रहे विकास पर प्रकाश डाला। डिस्टीब्यूशन कंपनी के एमडी श्री अंकित आनंद ने अपने स्वागत उद्बोधन में सौभाग्य योजना एवं मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना की जानकारी दी।



# सुदूर वनांचल ग्राम जोकापाट में पहुंची बिजली पीएम. ने कहा- ऐसी खबरों से मिलती है खुशी

छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने व सुदूर वनांचलों में भी सतत विद्युत की आपूर्ति हेतु वितरण कपंनी द्वारा जमीनी स्तर पर काम तेजी से किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम सुराज योजना के दौरान बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा का परिपालन करते जिला बलरामपुर के विकासखंड शंकरगढ़ का दुरस्थ ग्राम पंचायत जोकापाट को बिजली कनेक्शन देकर गांव का रोशन किया गया।

पहुंचविहीन इलाकों में भी बेहतर आधारभूत सुविधा उपलबध कराने की मुहिम में वितरण कंपनी की यह बड़ी उपलब्धि है, जिसकी सराहना करते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा ट्विट कर अपनी प्रसन्नता जाहिर किया गया। उन्होंने कहा कि ''ऐसी खबरे मुझे आंतरिक खुशी देती है।" विदित हो कि प्रधानमंत्री जी के महत्वाकांक्षी योजना सौभाग्य के तहत हर गांव हर घर में बिजली कनेक्शन देने के लिए नई पहल की गई।

इस योजना के क्रियावन्यन से मूलतः आदिवासी क्षेत्र, दुर्गम स्थल, गरीब व बीपीएल. परिवार लाभान्वित होंगे। ग्राम जोकापाट घनघोर जंगलो, नदी पहाड़ों से घिरा है अतः यहां बिजली पहुंचाना अत्यंत चुनौती भरा था। भौगोलिक चुनौतियों से निपटते हुए 09 किलोमीटर लंबी लाईन बिछाकर यहां बिजली व्यवस्था को पूर्ण किया गया। गांव के सरपंच श्रीमती बिफनती नाग पत्नी श्री श्रवण नांग ने खुशी जताते हुए कहा कि अब बिजली आने के बाद गांव के बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे और जिंदगी बेहतर हो सकेगी।



कार्यपालन अभियंता श्री सुरेन्द्र प्रजापति ने बताया कि शंकरगढ़ ब्लाक के जोकापाट गांव में बिजली पहुंचाने के लिए सघन वनों के बीच 11 केव्ही. लाइन खिची गई एवं जोकापाट में 25 केव्ही. क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। गांव के विद्युतीकरण हेतु एल.टी. लाइन खिंचने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य के अंतर्गत विद्युतीकृत घर अब एलईडी. बल्ब से रौशन हो रहे है।



# विद्युत उपकेंद्र चंदखुरी का लोकार्पण



मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी में नवनिर्मित 33/11 विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण एवं सौभाग्य शिविर का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू के करकमलों से 12 दिसम्बर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि ये प्रधानमंत्री मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के ऊर्जावान सोच का परिणाम है कि जिले में विभिन्न विद्युतीय विकास कार्य तेजी से हो रहा है और आज हम मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के तहत इस उपकेद्र का लोकार्पण कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष जिला पंचायत, दुर्ग श्री थानूराम साहू ने किया।

इस उपकेन्द्र में 05 एम.व्ही.ए.क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। लगभग एक करोड़ 50 लाख की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र से ग्राम चंदखुरी, हनोदा, धनोरा, कोड़िया, कोकड़ी, भनपुरी, कोनारी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भरदा, आलबरस, कुथरेल, जंजगिरी, अण्डा, ठाकुरटोला, पुलगांव एवं गोकुलनगर आदि ग्रामों सहित लगभग 17 गांवों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उपकेंद्र लोकार्पण समारोह को जिलाधीश दुर्ग श्री उमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

परचनपाल-महुपालबरई में 400/220 केव्ही विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण

# बस्तर में नहीं होगा अंधेरा- डॉ.रमन सिंह

"बस्तर आज नए युग में प्रवेश कर रहा है। पूरे संभाग में अब कभी अंधेरा नहीं होगा। प्राकृतिक आपदा हो या बाढ़ या कोई कारण। बस्तर के सातों जिलों को निर्बाध बिजली मिलेगी।" उक्त बातें मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भिरलिंगा में आयोजित 'बेमिसाल 14 साल' कार्यक्रम में परचनपाल-महुपालबरई में 400/220 केव्ही विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण करने के उपरान्त व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता शांति और विकास चाहती है। अब यहां बारूद नहीं ढोल-मांदर की थाप गूंजेगी। यह 'रेड कारीडोर' के नाम से नहीं बल्कि शांति और विकास के 'ग्रीन कारीडोर' के नाम से जाना जाएगा।

आगे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में भिलाई और रायता के बाद बस्तर में 600 करोड़ का विशाल विद्युत सब-स्टेशन बना है। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी याद है 1 जून 2002 की वह घटना जिसमें झाराघाटी में 132 केव्ही के तार टॉवर तोड़ दिया गया था। पूरा बस्तर संभाग अंधेरे में जूझता रहा। युवा, बच्चे, काम करने वाले अंधेरे में रहे। मैंने उसी दिन तय कर लिया था कि बस्तर को इस अभिशाप से मुक्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर गांव, हर बस्ती और हर घर तक बिजली पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 14 साल पहले याद कीजिए जब बिजली आती कम थी और जाती ज्यादा थी। बस्तर जिले के 14 ग्राम अब पूर्ण विद्युतीकृत हो चुके है और इन गांवों के सभी घरों में बिजली पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंहजी ने कार्यक्रम में बिरिंगपाल, नागलसर, सुरूडपाडा, टोंडापाल, मगनार, नेगारनार,



सिमोड़ा, फरसरा, पल्ली चकवा, सुरगुड़ा, कोयनार, मासगांव, सरगीपाल और नरावंड को ऊर्जित ग्राम का दर्जा देते हुए इनके सरपंचों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री दिनेश कश्यप एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री केदार कश्यप ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि आज प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े उपकेन्द्र का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। इससे बस्तर उजियारे के नये युग में प्रवेश करेगा। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने बताया कि बस्तर में बिजली के विस्तार के लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। नारायणपुर और जगदलपुर में 220 केव्ही और सुकमा, दोरनापाल, पखांजूर, चारामा, कोंडागांव व बीजापुर में 500 करोड़ के सब-स्टेशन अगले साल बन जाएंगे।

इस अवसर पर जगदलपुर विधायक एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री संतोष बाफना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जबिता मंडावी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक श्री बैदूराम कश्यप, श्री लच्छुराम कश्यप, डॉ. सुभाऊ कश्यप, पूर्व महापौर श्री किरण देव, कमिश्नर श्री दिलीप वासनीकर, पुलिस महानिरीक्षक श्री विवेकानंद सिन्हा, छत्तीसगढ़ पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिजली तिहार में बेमेतरा को मिली दो उपकेन्द्रों की सौगात

बेमेतरा में आयोजित बिजली तिहार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री दयालदास बघेल ने ग्राम गोढ़ीकला में मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत 123 लाख रूपए की लागत से तथा ग्राम प्रतापपुर में 169 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. क्षमता, 5 एम.व्ही.ए. उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। गोढ़ीकला उपकेन्द्र से 16 ग्रामों के 3 हजार उपभोक्ताओं एवं प्रतापपुर विद्युत उपकेन्द्र से 25 ग्रामों के 10 हजार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय होगी।

समारोह में मंत्रीजी ने कहा कि पहले जनता के सामने बिजली की बड़ी समस्याएं थी। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना और मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत जिलेवासी आज बिजली तिहार मना रहे है। क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली पहुंच गई है। सौभाग्य योजना के तहत 72 पात्र हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया एवं गोडीकला 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के लोकार्पण समारोह में 36 कनेक्शन सौभाग्य योजना के तहत प्रदान किया गया। सरपंच श्रीमती रूखमणी बाई ध्रुव को शतप्रतिशत विद्युतीकरण का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल ने लोगों को समझाईश दी कि गांवों में बिजली



पहुंच गई है, अतः बच्चों को रात्रि में भी पढ़ाई करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्रों के संबंध में जानकारियां दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री एस. आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. भार्गव, सी.एस.पी.डी.सी.एल. बेमेतरा के कार्यपालन अभियंता श्री जे.एस. चौधरी और सी.एस.पी.डी.सी.एल. साजा के कार्यपालन अभियंता श्री एस.बी. सिंह एवं पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सौभाग्य योजना के अंतर्गत पूर्ण विद्युतीकृत गांव बना कोपेडीह

**मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पूर्ण विद्युतीकृत होने के लिए दिया प्रशस्ति पत्र**

छत्तीसगढ़ के अविद्युतीकृत गांव मजराटोला एवं घरों तक विद्युत पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली सौभाग्य योजना का क्रियान्यवन तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने इस योजना के अंतर्गत पूर्ण विद्युतीकृत हुये गांव को ऊर्जित ग्राम के रूप में सम्मान देते हुए प्रशस्ति पत्र देने का भी निर्णय लिया है। सौभाग्य योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के सोमनी के निकट स्थित ग्राम कोपेडीह को संपूर्ण विद्युतीकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस संबंध में 15 नवम्बर 17 को मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने गांव की सरपंच श्रीमती सुशीला को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विद्युत से विकास का नया कीर्तिमान छत्तीसगढ़ ने रचकर देश में नई पहचान बनाई है। यहॉं बिजली की पहुँच अब गरीब परिवारों तक हो गई है। बहुत जल्द प्रदेश के सभी गॉंव, घरों को विद्युतीकृत करने युद्धस्तर पर कार्य जारी है। इस हेतु अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए खम्भा, तार एवं अन्य आवश्यक सामग्री का व्यय शासन द्वारा वहन किया जायेगा।



इसके अंतर्गत बीपीएल परिवारों को निशुल्क विद्युत कनेक्शन तथा ग्रामीण क्षेत्र के एपीएल परिवारों को 50 रूपए की 10 मासिक किश्त पर विद्युत कनेक्शन दिया जायेगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शोभा सोनी, नागरिक आपूर्ति के पूर्व अध्यक्ष लीलाराम भोजवानी, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जनपद अध्यक्ष सरिता कनौजे एवं पदाधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# रायपुर के धमनी गॉव से सौभाग्य योजना की शुरूआत



प्रधानमंत्री हर घर बिजली योजना 'सौभाग्य' की शुरूआत रायपुर जिले के धमनी (आरंग ब्लाक) गांव में 09 नवम्बर 17 को हुई। इसमें रायपुर सांसद श्री रमेश बैस ने हितग्राहियों को बिजली कनेक्शन का प्रमाण पत्र वितरण किया। इस मौके पर आरंग विधायक श्री नवीन मारकण्डेय, जनपद सदस्थ श्रीमति जानकी जांगड़े, सरपंच श्री कौशल तारक और उपसरपंच श्रीमती परमेश्वरी निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सौभाग्य योजना की शुरूआत करते हुये सांसद श्री बैस ने कहा कि किसी जमाने में लोग चिमनी एवं कंडिल में जीवन जीते थे । आज सबके घर तक बिजली पहंचाने सौभाग्य योजना शुरू की गई है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक श्री मार्कण्डेय ने कहा कि सौभाग्य योजना से लोगों के जीवन में उजियारा फैलेगा और लोग विद्युत से विकास की ओर अग्रसर होंगे। इसी क्रम में वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता श्री आर.के.अवस्थी ने कहा कि इस योजना के तहत गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया जायेगा तथा बाकी ग्रामीण परिवारजनों को 50 रूपये की दस मासिक किश्त कुल 500 रुपए में कनेक्शन दिया जायेगा।

कार्यक्रम का संचालन पॉवर कंपनी के उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री ए.के. गौराहा ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री क्यू.ए.खान, एसडीएम श्रीमति चंद्रकांता धुरव, वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री पी.के. कोमेजवार, वरिष्ठ अभियंता श्री आर.के.सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बेलभांठा विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण




बिजली तिहार कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 दिसम्बर 2017 को अभनपुर ब्लाक के ग्राम बेलभांठा में विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण माननीय विधानसभा अध्यक्ष,श्री गौरी शंकर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर साहू की अध्यक्षता में हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ 26 लाख रूपये की लागत से निर्मित 3.15 एम.व्ही.ए., 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र से ग्राम पंचायत गिरोला क्षेत्र, बेलभांठा, छोटे उरला, बड़े उरला, नायक बांधा, गातापार, ठेलकाबांधा, खोला, अभनपुर नगर क्षेत्र के लगभग 50 हजार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति होंगी। कार्यक्रम में श्री अशोक बजाज, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स), श्री रामप्रताप सिंह, अध्यक्ष, वन औषधी बोर्ड, श्री जे.पी. शर्मा, उपाध्यक्ष,वन औषधी बोर्ड, सुश्री दुलारी चतुर्वेदानी, सदस्य जिला पंचायत, रायपुर, श्री दयाराम निषाद, सदस्य, जिला पंचायत रायपुर सहित अन्य विशिष्ट सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री आर.के. अवस्थी ने किया।

# नारधा में विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण



मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत दुर्ग क्षेत्र के विकासखंड अहिवारा में 33/11 के.व्ही उपकेंद्र नारधा का लोकार्पण माननीय विधायक अहिवारा श्री सांवलाराम डाहरे के करकमलों से 12 दिसम्बर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री डाहरे ने कहा कि लगभग एक करोड़ 98 लाख की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र से ग्राम नारधा, खेरधा, मोहंदी, ओखरा, मुड़पार, चेटवा, नंदौरी, ढौर, सुरडुंग, रिगनी, एवं खेदामारा आदि सहित लगभग 12 गांवों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता श्री ओ.पी.भारद्वाज ने कहा कि उपकेंद्र बन जाने से लोड एक फीडर से हटकर अब तीन फीडरों में बट गया, जिससे अब आसपास के गांवों का लो वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। इस उपकेन्द्र में 05 एम.व्ही.ए.क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# दारंग, जिला-जांजगीर-चांपा में बिजली तिहार

जिला-जांजगीर-चांपा, विकासखण्ड-बम्हनीडीह के ग्राम-दारंग में लागत 118 लाख रूपये से नव-निर्मित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र जिसकी क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. है का लोकार्पण बिजली तिहार के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. खिलावन साहू, विधायक, सक्ती के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जितेन्द्र केवट, जिला पंचायत सदस्य ने किया।

इस अवसर पर श्री साहू ने इस क्षेत्र के सभी जनता को नवीन विद्युत उपकेंद्र के शुरुआत होने की बधाई दी। इस नये उपकेंद्र के क्रियाशील हो जाने से लगभग 10 ग्रामों को समुचित वोल्टेज एंव गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। जिनमें दारंग, हरीभाठा, जाटा, कडारी, कुम्हारीकला, कुम्हारीखुर्द, बचौदा, पोडीकला, पोडीखुर्द एवं



केनाभाठा के 1500 से अधिक उपभोक्ता शामिल है। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मीन कंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत, सक्ती, श्री प्रकाश सिंह ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत, दारंग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी क्षेत्र के सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सौभाग्य योजना के अंतर्गत पूर्ण विद्युतीकृत गांव बना चिचिरदा



छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली सौभाग्य योजना के अन्तर्गत ग्राम चिचिरदा में बिजली तिहार का आयोजन 27 नवम्बर को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने 36 अविद्युतीकृत घरों के हितग्राहियों को बिजली प्रदाय संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही रायपुर क्षेत्र के ग्राम चिचिरदा को पूर्ण विद्युतीकृत ग्राम होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ0 सनम जांगड़े, अनूसूचित जाति विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम मार्कंडे,अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुलोचना यादव एवं अन्य प्रतिनिधिगण तथा आमजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने चिचिरदा ग्राम निवासी श्री संत कुमार पैकरा के घर का विद्युत कनेक्शन स्वीच ऑन कर चालू किया। उन्होंने सरपंच श्रीमती अमरिका संतोष लसेर को ग्राम चिचिरदा के पूर्ण विद्युतीकृत होने का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचल के हर गॉव, घरों एवं मजरा-टोलों तक बिजली पहुंचाने वाली यह योजना आशान्वित करती है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बहुत जल्द शतप्रतिशत विद्युतीकृत राज्य का गौरव प्राप्त करेगा।

ग्राम चिचिरदा में संपन्न हुए बिजली तिहार कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री आर.के.अवस्थी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गारे-पेल्मा सेक्टर 3 कोयला ब्लॉक से कोयला उत्खनन हेतु छग जनरेशन कंपनी-अडानी इंटरप्राइजेस लिमि. के बीच अनुबंध संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के मड़वा ताप विद्युत परियोजना को सतत् कोयले की आपूर्ति गारे-पेल्मा कोयला ब्लॉक रायगढ़ से होगी। यहां से कोयला उत्खनन हेतु प्रतिस्पर्धात्मक बोली आमंत्रित की गई थी जिसके आधार पर मेसर्स अडानी इंटरप्राइजेस लिमिटेड का चयन किया गया। 16 नवम्बर 17 को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में जनरेशन कंपनी, मेसर्स अडानी इंटरप्राइजेस लिमिटेड एवं गारे पेल्मा 3 कॉलरीज लिमिटेड (एमडीओ) के मध्य अनुबंध का निष्पादन किया गया। इस कोल ब्लॉक की क्षमता लगभग 94.7 मिलियन टन है जो कि ओपन कास्ट माइनिंग से खनन करना है।

उक्त अनुबंध पर जनरेशन कंपनी के मुख्य अभियंता सिविल प्रोजेक्ट श्री ए.के.जैन, अडानी ग्रुप से श्री विनय प्रकाश तथा गारे पेल्मा कॉलरीज लिमिटेड की तरफ से श्री राजेन्द्र इंग्ले ने हस्ताक्षर किये। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के इतिहास में पहली बार किसी कोल ब्लॉक के साथ कोल उत्खनन हेतु करार किया गया है इससे जनरेशन कंपनी के संयंत्रों को समुचित गुणवत्तापूर्ण ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने कहा कि देश भर में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कोयले का व्यापक उपयोग होता है। इस दृष्टि से आज का अनुबंध जनरेशन कंपनी और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारी मंशा पर्यावरण हित के साथ न्यूनतम लागत पर गुणवत्तापूर्ण बिजली का भरपूर उत्पादन करना रहा है। आज हुआ समझौता हमें आशान्वित करता है कि छत्तीसगढ़ को 'पॉवर हब आफ इंडिया' बनाने का हमारा सपना साकार होगा।

इसी क्रम में अडानी ग्रुप के ईडी एवं सीईओ श्री विनय प्रकाश ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में निवेश करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टि से यह अनुबंध न केवल हमारे लिए अपितु स्थानीय लोगों के सामाजिक आर्थिक विकास सहित रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री ओ.सी.कपिला सहित कंपनी के अनेक उच्चाधिकारी एवं अडानी ग्रुप के चीफ कमर्शियल आफीसर श्री राजेश अग्रवाल, निदेशक श्री राजेन्द्र इंग्ले एवं जे.के.मुखर्जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पावर जनरेशन कंपनी की तरफ से सलाहकार मेसर्स पीडब्लूसी थे।

# 36 गढ़ में 36 उपकेन्द्रों का एकसाथ लोकार्पण की अभूतपूर्व मिसाल





छत्तीसगढ़ के इतिहास में 12 दिसम्बर का दिन विद्युत विकास के मामले में अनेक नये कीर्तिमानों को दर्ज कर गया। इस दिवस पर प्रदेश भर में बिजली तिहार का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित ''प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली सौभाग्य योजना, तथा मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के करकमलों से हुआ। ये योजनाएं प्रदेश के निवासियों-वनांचलों में खुशहाली लाने के साथ-साथ प्रदेश की विद्युत अधोसंरचना को उन्नत बनाने में अत्यंत कारगर होंगीं।

प्रदेश में उपलब्ध भरपूर बिजली का लाभ सुदुर ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों को मिल सके इसे मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना साकार करेगी। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में 306 उपकेन्द्रों का निर्माण 1 हजार 239 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए बिजली तिहार पर एक साथ प्रदेश इतिहास में पहली बार 36 गढ़ में 36 उपकेन्द्रों का लोकार्पण अलग-अलग जिलों में एकसाथ किया गया। मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना में लोकार्पित 36 उपकेन्द्रों से प्रदेश के 507 गांव लाभान्वित होंगे, जहां कि निवासरत 1 लाख 26 हजार से अधिक परिवार के सदस्यों के जीवन में बिजली से खुशहाली आएगी। 12 दिसम्बर को ऊर्जित 36 उपकेन्द्रों की सूची - कोलेगांव, पथर्रा, वीरनपुरकला, बोरी, उदयपुर, परसोदा, गिरोला, बोरगांव, आरा (बोकी), दारंग, सेमरा, कुंडला, झीरीया, मनोहरा, झारा, खरकेना, बेलभाटा, हिर्री, नारधा, कुर्दी, गोढ़ीकला (कौराकापा), प्रतापपुर, डांडगांव, जोबा(दर्रीपारा), श्यामनगर, कातलबोड, पचपेड़ी, सांवतपुर (लालपुर), मुड़पार कुथुर, चुरतेली, सेंदुरस, चन्दखुरी, खैरझिटी (भाटाकोकड़ी), कालीघाट, तडोला, बैसी (हाथीगुडा)।

# विद्युत कर्मियों द्वारा संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन प्रागंण में भारत का संविधान दिवस का आयोजन 25 नवम्बर को किया गया। इसमें पारेषण कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, उत्पादन कंपनी के प्र. प्रबंध निदेशक श्री ओ.सी.कपिला एवं होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे के साथ उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

उपस्थितजनों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुये ''हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

वाचन स्थल पर कार्यपालक निदेशक श्री प्रहलाद सिंह, होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एच.एल. पंचारी, विधि सलाहकार श्री एन.के.पी. सिंह, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी श्री के.एस. छाबड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण बहुसंख्या में उपस्थित थे। समारोह के संयोजक उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल थे।

# कुरदी विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण

प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने 12 दिसम्बर को बिजली तिहार के अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में दो करोड़ तीन लाख रू. की लागत से निर्मित नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत केन्द्र का लोकार्पण कर अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस विद्युत उपकेन्द्र से क्षेत्र के 14 ग्रामों के लगभग साढ़े चार हजार जनसंख्या लाभान्वित होंगे । प्रभारी मत्री ने बताया की प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के लागू होने से अब कोई भी बिना बिजली के नहीं रहेगा । शतप्रतिशत घरों में विद्युत सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने शतप्रतिशत विद्युतीकरण कर ग्राम पंचायत डुंडेरा, नवागॉव, बासिन, चौरेल और कुरदी के सरपंचों का सम्मान किया । कुरदी उपकेन्द्र के अंतर्गत सौभाग्य योजना के तहत 27 कनेक्शन (कुरदी-6, बासिन-12, डुंडेरा-2, नवागाँव-1, चौरेल-5, लासाटोला-1) प्रदान किये गये। इस अवसर कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.के. डेहरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे ।



# ऊर्जित ग्राम-बायसी, जिला-रायगढ़ में बिजली तिहार



12 दिसंबर को रायगढ़ के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ऊर्जित ग्राम-बायसी में बिजली तिहार मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया ने मुख्यमंत्री विद्युत प्रवाह योजना के तहत् 145.53 लाख रूपये की लागत से बायसी (तराईमाल हाथीगढ़ा) में 33/11 के.व्ही. क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया, साथ ही उन्होनें ग्रामवासियों को बिजली तिहार की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। संसदीय सचिव श्रीमती राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में बेमिसाल 14 साल रहा हैं और हमारे प्रदेश की एक अलग पहचान बनी है।

बायसी में विद्युत उपकेंद्र की शुरूआत होने से धरमजयगढ़ के लगभग 22 ग्रामों को समुचित वोल्टेज पर बिजली की आपूर्ति हो सकेगी, जिनमें बायसी, दुर्गापुर, शाहपुर, कोईलार, नरकाली, प्रेम नगर, उदउदा एवं फतेपुर आदि सहित 5077 से अधिक उपभोक्ता लाभांवित होगें। जिन्हें लो-वोल्टेज के साथ ही बिजली की समस्या से मुक्ति मिल गयी है। धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने बिजली तिहार की बधाई देते हुए कहा कि विद्युत ऊर्जा की आवश्यकता हर चींज के लिये होती है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री गुंजन शर्मा ने विद्युत विभाग की योजनाओं से ग्रामवासियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि धरमजयगढ़ का ऊर्जित ग्राम बायसी पूर्ण रूप से विद्युतीकृत ग्राम बन गया है। इस अवसर पर ऊर्जित ग्रामों के सरपंचों एवं हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री ओमप्रकाश राठिया, जिला पंचायत सदस्य श्री हरिशचंद्र राठिया, श्रीमती वीणा विश्वास, श्रीमती कन्या कुमारी राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत धरमजयगढ, श्रीमती उत्तरा कुंवर, सदस्य जिला पंचायत के साथ ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सेमरा, जिला-जांजगीर-चांपा में बिजली तिहार



जिला-जांजगीर-चांपा, विकासखण्ड-नवागढ़ के ग्राम-सेमरा में लागत 98 लाख रूपये से नव-निर्मित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र जिसकी क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. है का लोकार्पण बिजली तिहार के अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती कमला देवी पाटले, सांसद जांजगीर-चांपा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत, नवागढ़ ने किया। श्रीमती पाटले ने विद्युत विभाग एवं क्षेत्र की जनता को इस नये उपकेंद्र के शुरूआत की बधाई दी। इस नये उपकेंद्र के क्रियाशील हो जाने से लगभग 12 ग्रामों को समुचित वोल्टेज एंव गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। जिनमें कोटिया, अमडेरा, अवरीद, तेदुआं, चोरभट्टी, सेमरा, सलखन, बारभाठा, खिसोरा, कचंदन, मुड़पार एवं गिद्धा ग्रामों के 2900 से अधिक उपभोक्ता शामिल है। कार्यक्रम में श्री नरेन्द्र कौशिक, सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती रामेश्वरी कश्यप, सरपंच सेमरा, श्री विशुन प्रसाद किश्यप, सदस्य छ.ग.रा. पिछड़ा वर्ग आयोग, श्री व्यास कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, श्री अमर सुलतानिया, भाजपा जिला महामंत्री, विशेष रूप से उपस्थित थे।

# खरकेना, जिला-बिलासपुर में बिजली तिहार

बिजली तिहार के मौके पर 12 दिसम्बर को ग्राम-खरकेना में 33/11 के.व्ही. क्षमता 5 ए.व्ही.ए. उपकेंद्र जिसकी लागत 202.35 लाख रूपये है का लोकार्पण माननीय सांसद लखन लाल साहू एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक ने किया। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रदेश की विद्युत अधोसरचना को विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना की शुरूआत की गयी है जिससे नये उपकेन्द्रों के निर्माण में तेजी आयेगी। आज लोकार्पित उपकेंद्र से निकाले गये 04 नये 11 के.व्ही. फीडर से 12 गॉवों जिनमें खरकेना, डिघोरा, हरदी, बोडसरा, मुरू, पथराली, धौंराभाठा, हिर्री, मोहदा और पाली के लगभग 13 हजार उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज से मुक्ति मिल जायेगी।

इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि अंधेरे से उजाले की ओर ले जाना ही सौभाग्य योजना का उद्देश्य है। श्री कौशिक ने कहा कि पिछले 14 सालों में विद्युत प्रणाली को काफी उन्नत किया गया है। जिले में 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या 20 से बढ़कर 87 हो गयी है। इसी क्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति से लोग रोजमर्रा की कार्यो को सहजता से करने में सक्षम हुए है। ग्राम-मोहभट्ठा के सरपंच को पूर्ण विद्युतीकरण के लिये सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दीपक साहू, श्री रंजनीश सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष बिलासपुर श्री रामदेव कुमावत, विधायक प्रतिनिधि बिलासपुर, श्री सय्यैद सैफुद्दिन (अध्यक्ष, हज कमेटी), प्रभारी कलेक्टर श्री के.डी. कुंजाम, जिला पंचायत सी.ई.ओ. फरीहा आलम सिद्दिकी, विद्युत विभाग के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, श्री पी.के. कश्यप, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, श्री आर.के. कश्यप, श्री अमर चौधरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# बिलासपुर के बिल्हा में सौभाग्य शिविर



सौभाग्य योजना अंतर्गत 28 अक्टूबर 2017 को बिलासपुर जिला अंतर्गत ग्राम पासीद में मुख्य अतिथि श्री धरम लाल कौशिक प्रदेशाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं श्री भूपेन्द्र सवन्नी अध्यक्ष छ. ग. गृह निर्माण मंडल,श्री अशोक कौशिक सदस्य जिला पंचायत एवं सरपंच की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से श्री रतन लाल को तुरंत ही नवीन कनेक्शन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विद्युत विभाग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# हथमुड़ी एवं सोमईकला में 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

दुर्ग क्षेत्र के बेमेतरा जिले के साजा विकासखंड के ग्राम हथमुड़ी में जिले के मान. प्रभारी मंत्री श्री पुन्नू लाल मोहले द्वारा एवं ग्राम सोमईकला में मान. संसदीय सचिव श्री लाभचंद बाफना द्वारा 05 एम.व्ही.ए. क्षमता के 33/11 के.व्ही सब-स्टेशन का शुभारंभ 10 नवंबर 2017 को किया गया। जिससे आसपास के लगभग तीन दर्जन गांवों के रहवासियों को लो-वोल्टेज व अन्य विद्युत समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर मान. सहकारिता, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री दयाल दास बघेल, मान. विधायक बेमेतरा श्री अवधेश चंदेल, कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल एवं ग्राम पंचायत हथमुड़ी की सरपंच श्रीमती अनुसुईया पटेल एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के



कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री जे.एस.चौधरी एवं श्री डी.के.भारती तथा सहायक अभियंता(प्रोजेक्ट) श्री शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने बताया कि लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां के तकनीकी समस्याओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि एस.टी.एन. योजना के तहत नवीन सब-स्टेशन सोमईकला का निर्माण 01 करोड़ 64 लाख रुपए एवं नवीन सब-स्टेशन हथमुड़ी का निर्माण एक करोड़ 74 लाख की लागत से पूर्ण कराया गया है।

# भानुपरी वितरण केन्द्र (जगदलपुर) के अंतर्गत बड़े आमाबाल प्रथम पूर्ण उर्जित ग्राम

प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर सौभाग्य योजना के तहत जगदलपुर वितरण केन्द्र भानुपरी के ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल को प्रथम पूर्ण उर्जीकृत ग्राम होने का गौरव प्राप्त हुआ। माननीय मंत्री श्री केदार कश्यप स्कूल शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन एवं माननीय सांसद श्री दिनेश कश्यप, सांसद बस्तर क्षेत्र द्वारा 19 नवम्बर 2017 को तदविषयक प्रमाणपत्र दिया गया। बिजली तिहार के आयोजन पर उक्त ग्राम पंचायत में 320 कनेक्शन प्रदाय किये गये । इस अवसर पर माननीय श्री संतोष बाफना अध्यक्ष छ.ग. पर्यटन मंडल छ.ग. शासन, माननीय श्री श्रीनिवास राव मद्दी अध्यक्ष छ.ग. वन विकास निगम, कलेक्टर बस्तर श्री धनंजय देवांगन, कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस. के अलावा ग्राम



पंचायत एवं आसपास के क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित हुए।

# मुंगेली के कुंआगांव में सौभाग्य योजना शिविर का आयोजन

मुंगेली अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंआगांव में 9 नवम्बर 2017 को सौभाग्य योजना शिविर का आयोजन माननीय श्री पुन्नू लाल मोहले, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छऽगऽशासन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में नए कनेक्शन हेतु 102 आवेदन प्राप्त हुए। लाभान्वित उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र का वितरण माननीय मंत्री जी द्वारा किया गया। साथ ही नए कनेक्शन का शुभारंभ मंत्री जी ने बटन दबाकर किया। इस कार्यक्रम मे सरपंच श्री साहू, लोकनाथ ठाकुर एवं अधीक्षण यंत्री (सध्स) वृत बिलासपुर श्री पी.के. कश्यप, कार्यपालन यंत्री मुंगेली श्री सतीश कुमार दुबे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# बालोद जिले में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना



माननीय सांसद, कांकेर लोकसभा क्षेत्र श्री विक्रम उसेण्डी ने 20 नवंबर 2017 को बालोद जिले के ग्राम सांकरा(ज) में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना ''सौभाग्य'' का शुभारंभ गरीबी रेखा श्रेणी के हितग्राही शंकर लाल बघेल के घर एल.ई.डी. बल्ब जलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस योजना से निश्चित रूप से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को काफी राहत मिलेगी। बालोद जिले के दो हजार, दो सौ अठारह (2,218) घर रोशन होंगे। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने कहा कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कैम्प लगाकर हर घर बिजली कनेक्शन देने हेतु छूटे हुए परिवारों का चिन्हांकन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

कार्यक्रम में दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने बताया कि योजना के तहत सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 की सूची में शामिल आर्थिक रूप से कमजोर हितग्राहियों को निःशुल्क कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा ए.पी.एल. हितग्राहियों को पॉच सौ रूपए शुल्क पर बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाएगा और वह भी पचास रूपए के दस आसान मासिक किश्तों पर। कार्यक्रम को बालोद विधायक श्री भैय्याराम सिन्हा और गुण्डरदेही विधायक श्री राजेन्द्र राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सौभाग्य योजना के अंतर्गत कुल 39 हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के 17 और सांकरा (ज) के 22 हितग्राही शामिल हैं। सांसद महोदय द्वारा ग्राम सांकरा की सरपंच श्रीमती धनेश्वरी देशमुख एवं ग्राम जगन्नाथपुर के सरपंच श्री ओमप्रकाश देशमुख को संबंधित गांवों के पूर्णतः विद्युतीकृत होने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री प्रीतम साहू, श्री लाल महेन्द्र सिंह टेकाम, श्री विरेन्द्र साहू, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष श्री दयानंद साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष श्री यज्ञदत शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता द्वय श्री विकास कुमार गुप्ता एवं श्री हर्ष कुमार मेश्राम, कार्यपालन अभियंता श्री वी.के.डहरिया, सहायक अभियंता श्रीमती सनीली चौहान, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर एवं कार्यलय सहायक श्री आर.के.शर्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।



# लिपिकीय कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के लिपिकीय कर्मचारियों हेतु इनफार्मेशन टेक्नॉलाजी वैरियंट-06 कार्यक्रम के अनुसार तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई तीन स्थित विश्राम गृह में किया गया। विभाग द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 लिपिकीय कर्मचारियों को दिनांक 28 से 30 दिसंबर 2017 तक विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर के करकमलों से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का समापन कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता एवं कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मचारियों को समय-समय पर दक्षता एवं तकनीकी ज्ञान में वृद्धि की आवश्यकता होती है। इस तरह के प्रशिक्षण से व्यक्तित्व में निखार आता है।

प्रशिक्षण में कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी, इंटरनेट एवं ई-मेल, इंटरनेट सेफ्टी की बारिकीयों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री आर.के श्रीवास्तव, सहायक अभियंता श्रीमती सीमा ढील, श्रीमती सनीली चौहान, श्री एन.के.राठी एवं श्रीमती एस.सिनी, प्रशासनिक अधिकारी श्री एस.के.साहू एवं कनिष्ठ अभियंता श्रीमती अरुणा राव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिसवीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र, एक नग एलईडी बल्ब एवं पेन ड्राइव प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस. बघेल एवं श्री ओ.पी.भारद्वाज, कार्यलय सहायक श्री एस.के.खरे एवं श्री इम्तियाज खान सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।

# सावंतपुर (लालपुर) जिला-मुंगेली में बिजली तिहार



बिजली तिहार के शुभारंभ के अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री पुन्नूलाल मोहले ने विकासखण्ड लोरमी के ग्राम-सावंतपुर में नव-निर्मित 33/11 के.व्ही., क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. लागत राशि 111.14 लाख के विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया। इस उपकेन्द्र से 13 गावों यथा-सावंतपुर, पथरताल, धोबघटटी, छिरहुटटी, गुरूवाईनडबरी, बिजराकापाकला, केस्तरपुर, लालपुरथाना, पिथमपुर, विचारपुर, सारंगपुर, मारूकापा, प्रतापपुर, के लगभग 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज से मुक्ति एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति होगी।

इस अवसर पर श्री मोहले ने कहा कि इस उपकेंन्द्र के लोकार्पण के साथ ही जिलें में उपकेंन्द्रों की संख्या 8 से बढकर 25 हो गई है। जो कि विद्युत विकास के क्षेत्र में सरकार की प्रगति को दर्शाती है। इसी तरह सौभाग्य योजना से आमजनों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं बिलासपुर के सांसद श्री लखन लाल साहू ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 14 वर्ष पूर्ण होने पर बिजली तिहार का आयोजन किया गया है। इस मौके पर कलेक्टर श्री एन.एन. एक्का ने कहा कि विकास के लिए विद्युत जरूरी है साथ ही निःशुल्क कनेक्शन का प्रमाण-पत्र हितग्राहियों को दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती कृष्णा बघेल, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शांती बाई, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती वर्षा सिंह ठाकुर, अध्यक्ष, जनपद पंचायत, लोरमी, पुलिस अधीक्षण नीथू कमल, वनमंडलाधिकारी के.के. जाधव, श्री कैलाश नारनवरे, कार्यपालक निदेशक (बि/क्षे) छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. बिलासपुर, श्री पी.के. कश्यप, अधीक्षण यंत्री, श्री सतीश कुमार दुबे, कार्यपालन यंत्री एवं श्रीमती दुर्गा देवी डाहिरे, सरपंच ग्राम पंचायत सावंतपुर व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेन्दुरस एवं चुरतेली, जिला-जांजगीर-चांपा में बिजली तिहार



जिला-जांजगीर-चांपा, विकासखण्ड-डभरा के अंतर्गत ग्राम-सेन्दुरस एवं चुरतेली में निर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्रीमती कमला देवी पाटले, सांसद जांजगीर-चांपा के करकमलों से संपन्न हुआ।

सेन्दुरस में लागत 133 लाख रूपये से निर्मित उपकेंद्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. है। इस उपकेंद्र के शुरुआत होने से लगभग 16 ग्रामों को समुचित वोल्टेज पर बिजली की आपूर्ति हो सकेंगी। जिनमें चुरतेली, परसाडीह, कौड़िया, गोबरा, फरसवानी, चुरतेला, कासा, कटौद, सुखदा, लटीयाडीह, कुसमूल, सिंघरा, दलालपाली, बडेमूड़पार, तुलसीडीह एवं केनाभाठा ग्रामों के 4200 उपभोक्ता शामिल हैं। इसी प्रकार विकासखण्ड-जैजैपुर के सेन्दुरस में लागत 136 लाख रूपये से निर्मित विद्युत उपकेंद्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. है। इस उपकेंद्र से चिखलरौंदा, सेन्दुरस, डोंगिया, परींपाली, सुलौनी, कटारी, पिकरींपारा, सुखरीपाली, डोंगहाडेरा एवं अमनदुल्ला भाठापारा ग्रामों के 2200 उपभोक्ता लाभांन्वित होंगे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री केशव चंद्रा, विधायक जैजैपुर ने किया। इस अवसर पर श्री टेकचंद चंद्रा, श्रीमती तुलसी देवी साहू, जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती जानकी देवी चंद्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर, श्रीमती माधुरी अजय साहू, सरपंच, सेन्दुरस, श्री द्वारिका गवेल, सरपंच, डोंगिया, श्री व्यास कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष, श्री अमर सुलतानिया, भाजपा जिला महामंत्री, श्री कृष्णकांत चंद्रा, सदस्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# वनांचल में श्री शिवराज ऊसारे एवं ग्रामीण अंचल में श्री दिनेश गांधी द्वारा सौभाग्य योजना का शुभारंभ

राजनांदगांव जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अविद्युतीकृत गांव, मजराटोला एवं घरों को बिजली से रौशन करने के लिए प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली "सौभाग्य "" योजना को साकार करने "बिजली तिहार"" के माध्यम से विकासखण्ड मोहला, चौकी एवं डोंगरगांव के अन्तर्गत ग्राम कंगलूटोला, विचारपुर तथा बरगांव में शिविरों का आयोजन किया गया। इनका शुभारंभ पूर्व विधायक श्री शिवराज ऊसारे एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहें जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब तबकों के जीवन स्तरों में सुधार एवं बदलाव हो रहा है।

विदित हो कि इन सौभाग्य शिविरों में विद्युत विभाग को 57 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती अमरिका बाई, श्री कबीर दास फुलकंवर, श्रीमती ईश्वरी बाई उइके, पूर्व सरपंच श्री सेवाराम, श्री मानसिंह, श्री मेहत्तरराम, श्री बालकृष्ण सिंहा, सहायक अभियंता सर्वश्री एस.पी. ठाकुर , बीरबल उइके, आर.पी. ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता सर्वश्री शिरीष मिलिंद, चिरंजीव नायक, श्रीमती सरोज गंधर्व सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





# छुईखदान क्षेत्र में सौभाग्य योजना का शुभारंभ



छुईखदान जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुढ़ानभाठ में सौभाग्य प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना का शुभारंभ 16 नवम्बर 2017 को पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव श्री कोमल जघेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि सौभाग्य योजना को मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा राज्य भर में लागू कर सबको बिजली देने के सपने को साकार करने का बीड़ा उठाया गया है। यह योजना गांव गरीब के तकदीर और तस्वीर को बेहतर बनाने में कामयाब होगी। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता रंजीत घोष, सहायक अभियंता कुंजेश श्रीवास, कनिष्ठ अभियंता मनीषा साहू, सरपंच कार्तिक साहू, प्रेमनारायण चंद्राकार, भिखु हिरवानी एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में विद्युत विभाग को 19 आवेदन प्राप्त हुए।

# दुर्ग में बिजली तिहार पर चार नवीन विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण



**रा**जस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पांडेय के मुख्य आतिथ्य में बिजली तिहार मनाते हुए 12 दिसम्बर को भव्य आयोजन साइंस कॉलेज मैदान, दुर्ग में किया गया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि विकास का पैमाना विद्युत उत्पादन से ज्यादा उपभोग से नापा जा सकता है। 2003 मे विद्युत उपभोग प्रति व्यक्ति 524 यूनिट थी जो आज बढ़कर 1750 यूनिट प्रति व्यक्ति हो गई है। कार्यक्रम में तीन पुस्तिकाओं यथा ''14 साल विद्युत विकास बेमिसाल, छत्तीसगढ़ जनमन एवं विद्युत समंक पुस्तिका का विमोचन किया गया। सौभाग्य योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के 12 गॉव में शिविर लगाकर 99 कनेक्शन प्रदान किये गये। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिले में चार 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण भी किया गया। लगभग सात करोड़ की लागत से निर्मित इन उपकेंद्रों के लोकार्पण से लगभग 80 गांवों के उपभोक्ता गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति से लाभान्वित होंगे। 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र हिर्री, नारधा, चंदखुरी एवं खैरझिटी(भाठाकोकड़ी) का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर, अधीक्षण अभियंता श्री विकास कुमार गुप्ता, श्री हर्ष कुमार मेश्राम एवं श्री एस.आर.बांधे सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए। बिजली तिहार के अवसर पर दिलीप षड़ंगी द्वारा भजन कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# ग्राम-तड़ोला, जिला-रायगढ़ में बिजली तिहार



**रा**यगढ़ जिला अंतर्गत विकासखण्ड पुसौर के ग्राम-तड़ोला में 96.45 की लागत से 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के नव-निर्मित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्री रोशन लाल अग्रवाल, विधायक, रायगढ़ ने बिजली तिहार के अवसर पर किया। इस उपकेंद्र के शुरुआत होने से लगभग 22 ग्रामों के तीन हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति होगी।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि बीते 14 वर्ष में बिजली के मामले में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि बिजली तिहार एक ऐसा अनूठा तिहार है जिसमें सभी को हर्षित कर दिया है। प्रदेश के चहुंओर त्यौहार जैसा उल्लास परिलक्षित हो रहा है।

अधीक्षण अभियंता श्री सी.एस. सिंह ने बिजली तिहार मनाये जाने के बारे में तथा तड़ोला उपकेंद्र से हितग्राहीयों को होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर श्री जदु लाल सिदार, सरपंच, श्री संजय ठाकुर, महामंत्री तथा विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सम्मानीय जनप्रतिनिधि व आस-पास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में संविधान दिवस का आयोजन

**रा**जनांदगांव में संविधान दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यक्रम में अति. मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री बी.पी. गुप्ता सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी ने देश को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का संकल्प लिया ।



# सौभाग्य शिविर से रजकुड़ी, उगरा एवं भरदा के 96 आवास विद्युतीकृत




दुर्ग क्षेत्र के बेमेतरा जिले के रजकुड़ी, उगरा एवं भरदा में 17 नवंबर 2017 को सौभाग्य शिविर का आयोजन किया गया जिनमें ग्राम रजकुड़ी में 27, ग्राम उगरा में 28 एवं ग्राम भरदा में 41 कनेक्शन प्रदान किए गए। शिविर में सरपंच एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। सौभाग्य योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले के लगभग 17 हजार 200 घर रोशन होंगे।

**बिलासपुर क्षेत्र में सौभाग्य योजना प्रोग्राम**

# मुडापार शत प्रतिशत विद्युतीकृत ग्राम

सौभाग्य प्रधानमंत्रीं सहज बिजली हर घर योजनाद्ध का शुभांरभ माननीय सांसद कोरबा श्री बंशी लाल महतो, विधायक कटघोरा श्री लखन लाल देवांगन एवं संसदीय सचिव छ.ग.शासन, मो. अब्दुल कैसर हक कलेक्टर कोरबा की उपस्थिति मे 11 नवम्बर, 2017 ग्राम मुडापार विकासखंड पाली जिला बिलासपुर में संपन्न हुआ। मुडापार को शत प्रतिशत विद्युतीकृत ग्राम घोषित करते हुये सरपंच को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अन्य कनेक्शनधारियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



# हिर्री में सौभाग्य शिविर का आयोजन




सौभाग्य योजना अंतर्गत 29 नवम्बर 2017 को रायगढ़ जिला अंतर्गत ग्राम हिर्री, विकासखंड बरमकेला में शिविर का आयोजन श्रीमती केराबाई मनहर मान.विधायक सारंगढ़, श्री सकराजीत नायक पूर्व विधायक, श्री अजेश अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

# खैरझीटी में विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही उपकेंद्र खैरझिटी (भाठाकोकड़ी) का लोकार्पण एवं सौभाग्य शिविर का आयोजन संसदीय सचिव श्री लाभचंद बाफना के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती माया बेलचंदन की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बाफना ने कहा कि नये सबस्टेशन बन जाने से लगभग 20 गांवो 12 हजार 356 लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी, जिससे जिले के विकास को गति मिलेगी।



इस उपकेंद्र खैरझिटी(भाठाकोकड़ी) में 05 एम.व्ही.ए.क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। खैरझिटी(भाठाकोकड़ी) में विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया गया। लगभग एक करोड़ 94 लाख की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र से ग्राम खैरझीटी, भाठाकोकड़ी, हीरेतरा, डीहपारा, बिरेभाठ, रौंदा, घोटवानी, धुमा, घोटा, मुड़पार, परसकोल, भिलौरी, कोनका, साल्हे, नवागांव, गोरपा, अछोली, अकोली, रुहा एवं पेन्ड्री आदि ग्रामों सहित लगभग 20 गांवों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। क्रेडा द्वारा स्टाल लगाकर हितग्राहियों को एलईडी बल्ब वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतियों सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# डीएसपीएम से सेवानिवृत्त श्री.आर.एस.रात्रे की भावभीनी विदाई




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह दिसंबर 2017 में सेवानिवृत्त हुए कल्याण अधिकारी, श्री आर.एस.रात्रे को श्री.बी.बी. पी.मोदी अति.मुख्य अभियंता ने प्रतीकात्मक भेंट के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आगे उन्होंने कहा कि श्री रात्रे कर्मचारियों की समस्याओं तथा अपने कार्य के प्रति सजग रहते थे। वे अपने कार्यों में निपूर्ण एवं दक्ष थे।

इस अवसर पर उपस्थित अधीक्षण अभियंता सर्वश्री पी.पाण्डे कुर्तीकुमार एवं आर.के.जैन, ने श्री रात्रे की स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री आर.सी.गुप्ता द्वारा किया गया।

# विद्युत कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

कोरबा पूर्व में दिनांक 12 से 15 दिसम्बर 17 तक अन्तर्क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में सीनियर वर्ग की टीम इवेंट में कोरबा पश्चिम विजेता एवं कोरबा पूर्व उपविजेता रही।

इस प्रतियोगिता में वेटरन वर्ग के युगल स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल की टीम के खिलाड़ी श्री डी0के0 तुली एवं संजय कुमार अग्रवाल को विजेता एवं रायपुर रीजन के खिलाड़ी श्री राजेश श्रीवास्तव एवं श्री प्रशांत नागर को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त वेटरन के एकल वर्ग में रायपुर रीजन के खिलाड़ी श्री प्रशांत नागर विजेता एवं मडवा के श्री धन मसीह उपविजेता रहे।



# बड़े विद्युत संकट की घड़ी में संयंत्रों के शीघ्र पुन: संचालन हेतु मॉकड्रिल

आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ के कोरबा बिजली संयंत्रों को महज 15 मिनट में फिर शुरु किया जा सकेगा। इसके लिए 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में एक अभ्यास (मॉकड्रील) किया गया। इस पूर्वाभ्यास में विकट विद्युत संकट में कोरबा के थर्मल पावर प्लांट (तापीय विद्युत संयंत्र) को बांगों स्थिति जल विद्युत संयंत्र से स्टार्ट-अप पॉवर भेजकर 15 मिनट में चालू करने में सफलता प्राप्त की गई। इस मॉकड्रिल की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर भी कर रहे थे।



इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के निर्देशानुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। अंतर्राज्यीय बिजली ग्रिड ठप्प होने की स्थिति में ठप्प बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने हेतु यह मॉकड्रील ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन, जनरेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के इंजीनियरों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

मॉकड्रील संपन्न करने में डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में चीफ इंजीनियर सर्वश्री बीआर सोनी, एस.ई अशोक श्रीवास्तव, जी.पी. सोनी, आर.अरविंद, व्ही.पी. तिवारी, ईई वाई.कृष्णाराव, वीजी एक्का, एसके उइके, जीपी सिंह, अति.मु.अभि. राजेश वर्मा, कोरबा में वीके निमजे और मधु मिंज तथा जमनीपाली में पूर्णिमा शुक्ला, एमबी यादव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एसई पीवी संजीव तथा टीके ठाकुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत परियोजना की एक 132 के.व्ही. उपकेन्द्र से जमनीपाली एवं कोरबा उपकेन्द्र तक एक आईलैन्ड सबसिस्टम बनाया गया। इसके माध्यम से बांगो बिजली संयंत्र में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ किया। इसके लिए बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक तीन को सर्विस में लेकर 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 के.व्ही. लाईन जमनीपाली के माध्यम से कोरबा पूर्व के उपकेन्द्र तक पहुंचाई गई और पूर्व-निर्धारित विद्युत फीडर को एक के बाद एक चालू कर बांगो की जल विद्युत इकाई से करीब 21 मेगावाट लोड लिया गया। साथ ही बांगो जल विद्युत द्वारा उत्पादित बिजली (स्टार्ट अप पॉवर) से 220 के.व्ही. उपकेन्द्र कोरबा ईस्ट के ऑटो ट्रांसफार्मर भी उर्जीकृत किया गया।

विदित हो कि देश के पश्चिम क्षेत्रीय ग्रिड से छत्तीसगढ़ सहित गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र इत्यादि राज्य जुड़े हुये हैं। इस ग्रिड पर लगभग 42 हजार मेगावाट विद्युत की खपत दर्ज होती है। कई राज्यों से जुड़े विशाल ग्रिड के संचालन में कभी गड़बड़ी आने की स्थिति में बिजली संयंत्रों को फिर से चालू करने में अनेक कठिन चुनौतियां होती हैं।

# एन.टी.पी.सी. के संयंत्र में दुर्घटना से दिवगंत कर्मियों को श्रद्धांजलि

नेशनल थर्मल पॉवर स्टेशन के ऊँचाहार रायबरेली स्थित थर्मल पॉवर प्लांट में बॉयलर फटने की दुर्घटना से दिवंगत हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने हेतु डंगनिया में एनटीपीसी के दिवंगतजनों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर डायरेक्टर श्री एच.आर. नरवरे, कार्यपालक निदेशक सर्वश्री प्रहलाद सिंह, पी.के. गिरदोनिया, मुख्य अभियंता सर्वश्री बी.एल.सोनी, के.एस. मनोठिया, महाप्रबंधक(वित्त) श्री वाई. बी.जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के. खरे सहित अन्य उपस्थितजनों ने एनटीपीसी के घायल अधिकारियों/कर्मचारियों के शीघ्र स्वस्थ होने एवं दिवगंतजनों के परिवारों को दुख की इस घड़ी को सहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



# बालोद में नवनिर्मित संभागीय कार्यालय भवन का लोकार्पण



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत संचारण-संधारण संभाग बालोद मुख्यालय में नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ 20 नवंबर को कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने मंगलकामना देकर किया।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी नये भवन में नई उर्जा एवं नए उत्साह के साथ उपभोक्ताओं के हित में कार्य करेंगे एवं उनके विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी करेंगे। अधीक्षण अभियंता द्वय श्री विकास कुमार गुप्ता, श्री हर्ष कुमार मेश्राम सहित श्री वी.के.डहरिया, सहायक अभियंता द्वय श्री पी.एम.शर्मा एवं श्रीमती सनीली चौहान, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर, कार्यालय सहायक श्री आर.के. शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

# बिलासपुर के मंगला के धुरीपारा में सौभाग्य योजना



बिलासपुर के नगर संभाग- दो के द्वारा ग्राम पंचायत मंगला के धुरीपारा में 16नवम्बर 2017 को सौभाग्य योजना शिविर में मुख्य अतिथि माननीय बद्रीधर दीवान जी, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए जिनका शतप्रतिशत विद्युतीकरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अलका ज्वाला सूर्यवंशी, श्री विक्रम सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा, श्री दारा सिंह सदस्य जनपद पंचायत बिल्हा तथा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच, के अलावा नगर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री ए. पी.सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री सी. एम. बाजपेयी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# दुर्ग में संविधान दिवस पर संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रागंण में संविधान दिवस के अवसर पर विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ''भारतीय संविधान की प्रस्तावना'' का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री एच.के. मेश्राम तथा कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस.बघेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बलौदा में सौभाग्य शिविर




सौभाग्य योजना अंतर्गत 27 नवंबर 2017 को जांजगीर-चापा जिला अंतर्गत ग्राम पनतोंरा, विकासखंड बलौदा में सौभाग्य शिविर एवं सबस्टेशन के भूमिपूजन का आयोजन किया गया , इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कमला देवी पाटले सांसद संसदीय क्षेत्र जांजगीर श्री छत्त राम देवांगन भूतपूर्व विधायक अकलतरा, श्री एस कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलौदा, श्रीमती कल्याणी साहू जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती रत्नी देवी देवांगन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा श्रीमती साधना देवी सारथी सरपंच पनतोंरा उपस्थित थे।शिविर में कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए।

# दुर्ग में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न



केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में दुर्ग क्षेत्र में 28 से 30 नवंबर 2017 तक टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया गया। पुरुष टीम स्पर्धा का खिताब रायपुर क्षेत्र ने अपने नाम किया एवं उपविजेता बिलासपुर क्षेत्र की टीम रही। इसमें कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने कहा कि खेल हमारे जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। अतः प्रतिस्पर्धा हमेशा स्वस्थ और सौम्य माहौल में होना चाहिए। इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता, श्री एच.के.मेश्राम ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। खेल प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल चीफ रेफरी श्री एच.के.ओबेराय, सहायक निर्णायक श्री राम सावले, श्री कोटेश्वर राव को श्री कंवर द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय ने पुरुष एकल स्पर्धा में लगातार सातवें वर्ष में भी अपना दबदबा कायम रखा। श्री ओबेराय ने रायपुर क्षेत्र के श्री अनुराग शर्मा को 3-1 से पराजित कर यह खिताब अपने नाम किया। महिला एकल स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल की श्रद्धा वर्मा विजेता एवं रायपुर क्षेत्र की दिव्या आमदे उपविजेता रहीं। पुरुष युगल के विजेता रायपुर क्षेत्र के योगेश प्रधान और अनुराग शर्मा एवं उपविजेता दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय एवं अशोक महेन्द्र की जोड़ी रही। महिला युगल की विजेता का खिताब रायपुर सेंट्रल की इरा पंत एवं श्रद्धा वर्मा और उपविजेता का खिताब रायपुर क्षेत्र की दिव्या आमदे एवं यशोदा खांडे की जोड़ी को मिला। मिश्रित युगल में बिलासपुर क्षेत्र की जोड़ी समीर तिवारी और एस मोइत्रा उपविजेता एवं रायपुर क्षेत्र के अनुराग शर्मा और दिव्या आमदे की जोड़ी विजयी रहें।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर. बांधे, श्रीमती मंजुला सिंह कंवर, स्पोर्ट प्रभारी बीआईटी कॉलेज प्रोफेसर डॉ निर्मल सिंह एवं डीजीएम बीएसपी श्री अशोक गोंडाले, श्री नरेंद्र बंछोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तीन वरिष्ठ खिलाड़ियों श्री बी.के.श्रीवास्तव, श्रीमती सरबरी मोइत्रा एवं श्री राम सांवले का विशेष सम्मान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 04 महिला खिलाड़ियों यथा श्रद्धा वर्मा, दिव्या आमदे, इरा पंत, शोभना सिंह एवं पुरुष वर्ग के 10 खिलाड़ियों यथा रजनीश ओबेराय, अनुराग शर्मा, विमल मित्रा, योगेश प्रधान, सागर पिंपलापुरी, दिलीप सरकार, समीर तिवारी, देशाशीष राय, अशोक महेन्द्र एवं श्री एस.के. दुबे का चयन राष्ट्रीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के लिए किया गया।

# राजनांदगांव में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत सी. एण्ड डी. प्रशिक्षण



राजनांदगांव में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत सी. एण्ड डी. लाईनकर्मियों हेतु 6 से 9 नवम्बर तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सुरक्षा सहित उपभोक्ता के हित को प्राथमिकता देना ही अच्छे कर्मी की पहचान है, प्रशिक्षण से कार्यकुशलता एवं तकनीकी जानकारी में वृद्धि होती है। विद्युत कम्पनी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में लाईन कर्मचारियों को बिजली संबंधी बुनियादी बातें कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट एवं संचार कुशलता आदि विषयों पर अति. मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम, कार्यपालन यंत्री श्रीमती एम. नागवंशी, श्री पी. के. दुबे, श्री ए. उमरे, श्री आर. घोष, सहायक अभियंता सर्वश्री विमलेन्द्र सिंह ,नुरेन्द्र साहू एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री हरीश जांगड़े द्वारा व्याख्यान दिये गये। इस दरमियान उच्चाधिकारियों द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को टूल-कीट एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

# ग्राम सुकली में सौभाग्य शिविर





मुंगेली जिला अंतर्गत ग्राम सुकली में 26 अक्टूबर 2017 को सौभाग्य शिविर का आयोजन माननीय विधायक एवं संसदीय सचिव छ. ग. शासन श्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में 105 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें से शिव कुमार साहू एवं बलि राम साहू को तुरंत कनेक्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महामंत्री प्रदीप मिश्रा,शिव पाठक,सुरेश कश्यप, सरपंच रामकुमार कुलमित्र एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे । इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सौभाग्य योजना की जानकारी दी।

# प्रशासनिक अधिकारी श्री ए.सी. श्रीवास्तव की भावभीनी विदाई

राजनांदगांव क्षेत्र के पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी श्री ए.सी. श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम द्वारा श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री पटेल ने कहा कि अनुभवी एवं कर्मठ कर्मियों की कार्यशैली का अनुकरण सेवारत कर्मियों को करना चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने अपने 37 वर्षो की सेवाकाल में कंपनी के हित में अपना सर्वोच्च दिया और लोकप्रिय हुए। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने अपनी शुभकामनाएं दी। समारोह में श्री ए.सी. श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री अविनाश सोनेकर, आर.एन. याहके, बी.पी. गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता श्रीमती एम. नागवंशी, प्रशासनिक अधिकारी श्री हरीश जांगड़े, श्री डी.एस. मंडावी, सुश्री रश्मि शर्मा, श्री एस.के. बक्शी, श्रीमती सरस्वती अय्यर, श्रीमती आभा श्रीवास्तव, श्री एस.के. मरठा, श्री प्रकाश सोनटापर एवं श्री डी. राव सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। समारोह में आभार प्रदर्शन अनुभाग अधिकारी श्री डी.पी. साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई ने किया।



# कुथुर मुड़पार, जिला-जांजगीर-चांपा में बिजली तिहार




जिला-जांजगीर-चांपा, विकासखण्ड-डभरा के ग्राम-कुथुर मुड़पार में 140 लाख रुपए की लागत से नव-निर्मित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र जिसकी क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. है का लोकार्पण बिजली तिहार के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अंबेष जांगड़े, संसदीय सचिव, छ.ग. शासन एवं विधायक पामगढ़ के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नारायण चंदेल, पूर्व छ.ग. विधानसभा उपाध्यक्ष ने किया।

इस अवसर पर श्री जांगड़े ने कहा कि राज्य सरकार हर घर तक बिजली पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है, जिसके लिये सौभाग्य योजना की शुरुआत की गई है। नये उपकेंद्र के क्रियाशील हो जाने से लगभग 12 ग्रामों को समुचित वोल्टेज एंव गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। जिनमें कुथुर, मुड़पार, जोगीडीपा, सिल्ली, डूडगा, भदरा (ऊपर) भदरा (नीचे), हेडसपुर, भलवाही, पथरी, झूलन एवं मदनपुर ग्रामों के 2100 से अधिक उपभोक्ता शामिल है। कार्यक्रम में श्री नरेन्द्र कौशिक, सदस्य जिला पंचायत, श्री डमरू प्रसाद मनहर, अध्यक्ष जनपद पंचायत, नवागढ़, श्रीमती कृष्णा खांडेकर, सदस्य जनपद पंचायत नवागढ़, श्री अश्वनी बंजारे, सदस्य जनपद पंचायत, नवागढ़, श्री दरस पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष, श्री प्रशांत सिंह ठाकुर, भाजपा महामंत्री, श्री व्यास वर्मा, भाजपा महामंत्री, राहौद एवं श्रीमती बृहस्पति देवी रतनाकर, सरपंच, ग्राम पंचायत कुथुर की उपस्थिति में सपंन्न हुआ।

# दुर्ग में विदाई समारोह



दुर्ग क्षेत्र से माह नवंबर 2017 में सेवानिवृत्त हुए 07 कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित करने क्षेत्रीय मुख्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृतजनों को कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कंवर ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों की सेवाओं को बहुमूल्य निरुपित कर उनके सपरिवार सुखमय जीवन की कामना की।

सेवानिवृतजनों में श्री पंकज कुमार शर्मा, अरुण कुमार मुखर्जी, गोवर्धन कुमार वर्मा, फिरतू राम बजगरी, छत्रू लाल चन्द्राकर, केजू राम वर्मा, वामन राव खाण्डवे शामिल थे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कंपनी में सेवा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों एवं साथी कर्मचारियों से मिले उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता, श्री हर्ष कुमार मेश्राम एवं श्री एस.आर.बांधे ने भी सेवानिवृत्तजनों को उनके भावी जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री एस.एस. बघेल एवं श्री डी.के.भारती सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## स्थानांतरण पर डॉ. हेमन्त सचदेवा की भावभीनी विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन (सचिवालय) में पदस्थ मैनेजर डॉ. हेमन्त सचदेवा की पदोन्नति अधीक्षण अभियंता के पद पर की गई। पदोन्नति उपरांत मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने उन्हें 25 नवम्बर को भावभीनी विदाई दी। समारोह में होल्डिंग कंपनी के डायरेक्टर श्री अजय दुबे ने उन्हें प्रतीकात्मक भेंट प्रदान करते हुये पदोन्नति सहित भावी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मैनेजर श्री जितेन्द्र मेहता सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने डॉ. सचदेवा के साथ बिताये कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया एवं अपनी शुभकामनायें व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अनुभाग अधिकारी श्री रतन गोंडाने ने किया।

# जगदलपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम

जगदलपुर क्षेत्र में लाईन कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 7 से 10 नवम्बर तक चार दिवसीय वेरियण्ट एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री जेएस नेताम ने कर्मचारियों से कंपनी हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य संपादन का आव्हान किया। अधीक्षण अभियंता श्री पी.के.शुक्ला, कल्याण अधिकारी श्री डी.के.डुम्भरे, सहायक अभियंता सर्वश्री एनएस विष्ट, व्ही.के.टंडन, एमके ध्रुव, कोशलेन्द्र पाण्डे एवं मोहम्मद सलीम खान ने व्याख्यान दिये। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र, टूल किट्स एवं प्रशिक्षण सामग्रियां भी प्रदान की गई।



# एचटीपीपी से सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को भावभीनी विदाई




हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से अक्टूबर एवं नवंबर माह में सेवानिवृत्ति हुए कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री बीएन. बिश्वास समेत विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री राजेश वर्मा, एसपी चेलकर, पीके. जैन ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया।

समारोह में मुख्य अभियंता श्री बिश्वास ने कहा कि जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं वे अपना अनुभव अपने साथियों के साथ जरूर बांटे ताकि पावर कंपनी में विशेषज्ञों की कमी न हो। वे अनुभव से दूसरे कर्मचारियों को भी सक्षम बनाएं। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं से पावर कंपनी को नई ऊचाइयां दी हैं। पावर कंपनी में उनका योगदान काफी महत्वपूर्ण है। श्री बिश्वास ने कर्मचारियों को उज्जवल व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता ने



सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सेवानिवृत्तों में संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी-दो श्री बिसाहू राम वस्त्रकार, संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी-तीन श्री बुधराम भगत व श्री सिरिल खाखा, संयंत्र सहायक श्रेणी-एक श्री धजाराम मार्टिन, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्री केपी. देवांगन, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक श्री हरीशंकर पटेल, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो श्री थनवार राम साहू, मुख्य सुरक्षा सैनिक श्री शोभाराम कुंजाम, संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी-तीन श्री श्याम लाल साहू, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो श्री अनुसुईया प्रसाद पाठक, सिविल परिचारक श्रेणी-दो गरजन प्रसाद शामिल हैं। जबकि लेखाधिकारी श्रीमती सुमन चतुर्वेदी, संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी-तीन श्री बच्चू सिंह, संयंत्र सहायक श्रेणी एक श्री अश्वनी कुमार चंद्रा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है।

कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता समेत अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पॉवर कंपनी के ईडी श्री चौधरी सहित 10 कर्मियों की विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (सी एंड पी) श्री प्रदीप चौधरी सहित 10 कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरान्त 30 नवम्बर 17 को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सेवानिवृतजनों के सुखमय जीवन की कामना की। जनरेशन कंपनी के प्रभारी प्रबंध निदेशक श्री ओसीकपिला, डायरेक्टर श्री एच.आर.नरवरे, जी.सी.मुखर्जी, अजय कुमार दुबे, ऊर्जा विभाग के ओएसडी श्री एमएस रत्नम एवं अन्य उपस्थितजनों ने भी शुभकामनाएं व्यक्त की। इसी क्रम में सेवानिवृत कार्यपालक निदेशक श्री चौधरी ने कहा कि उनके सेवाकाल में सर्वश्रेष्ठ समय बस्तर के बारसूर में पोस्टिंग के दौरान रहा। वहां आदिवासी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में योगदान देकर आत्म संतुष्टि हुई। सेवानिवृत्तजनों में सर्व श्री श्याम सुंदर शर्मा, इग्नियस कुजूर, माइकल एक्का, धनलाल गौतम, रामधीन साहू, टीटी कुरियन, भरतलाल निर्मलकर, शंकर यादव, एमडी भिडे शामिल थे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री के.एस. मनोठिया, शरद कुमार श्रीवास्तव, प्रहलाद सिंह, महाप्रबंधक श्री देवाशीष नंदी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रदीप राठौर एवं संचालन योगेश नैयर ने किया।

# जगदलपुर में अंतर्क्षेत्रीय वालीबॉल स्पर्धा संपन्न

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, पॉवर कंपनी रायपुर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतर्क्षेत्रीय वालीबॉल स्पर्धा 6 से 8 दिसम्बर 17 तक जगदलपुर में संपन्न हुई। उक्त स्पर्धा में विद्युत कंपनीज के दस अधिकृत खेल क्षेत्रों की टीम ने भाग लिया। स्पर्धा में दो पूल बनाकर लीग आधार पर मैच कराये गये एवं दोनों पूल से प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रही टीमों में से रायपुर सेन्ट्रल एवं कोरबा पूर्व के मध्य प्रथम सेमी फाइनल तथा अंबिकापुर क्षेत्र तथा कोरबा पश्चिम के मध्य द्वितीय सेमी फाइनल खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम के मध्य खेला गया जिसमें कोरबा पूर्व की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता कोरबा पश्चिम की टीम रहीं। स्पर्धा के बेस्ट नेटर रायपुर सेन्ट्रल के श्री नीरज वर्मा एवं बेस्ट डिफेन्डर कोरबा पूर्व के श्री शैलेष देवांगन को घोषित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग, छग शासन के सर्वश्री राजकुमार महतो, जोगेन्द्र ठाकुर, रविन्द्र पटनायक, गजेन्द्र, चन्द्रमोहन निर्णायक की भूमिका में रहे। पुरस्कार वितरण अधीक्षण अभियंता श्री पीके शुक्ला के करकमलों से संपन्न हुआ।



# दुर्ग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



दुर्ग क्षेत्र के लिपिक कर्मचारियों हेतु इनफरमेशन टेक्नॉलाजी वैरियंट-06 कार्यक्रम के अनुसार तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 28 से 30 दिसंबर 2017 तक भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने प्रशिक्षण की महत्ता प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्मचारियों को समय-समय पर दक्षता एवं तकनीकी ज्ञान में वृद्धि की आवश्यकता होती है। इस तरह के प्रशिक्षण से व्यक्तित्व में निखार आता है।

प्रशिक्षण में कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी, इंटरनेट एवं ई-मेल, इंटरनेट सेफ्टी की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर, कार्यपालन अभियंता श्री आर.के श्रीवास्तव, सहायक अभियंता श्रीमती सीमा ढील, श्रीमती सनीली चौहान, श्री एन.के.राठी एवं श्रीमती एस.सिनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए।

# नवनिर्मित विद्युत उपकेंद्र हिर्री लोकार्पित



मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत दुर्ग क्षेत्र के विकासखंड धमधा में स्थित 33/11 के.व्ही उपकेंद्र हिर्री का लोकार्पण एवं सौभाग्य शिविर का आयोजन संसदीय सचिव छ.ग.शासन श्री लाभचंद बाफना के करकमलों से 12 दिसम्बर को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री बाफना ने कहा कि इस उपकेंद्र के बनने से आसपास के लगभग 29000 से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती माया बेलचंदन ने किया।

इस उपकेंद्र में 05 एम.व्ही.ए.क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। लगभग एक करोड़ 54 लाख की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र से ग्राम हिर्री, मड़ियापार, सेवती, बिरेझर, मेड़ेसरा, बोरई, हसदा, परसदापार, अंजोरा, टेमरी, रौता, खर्रा, चिखला, पांडुका, कोटनी, पिपरछेड़ी, ढाबा, सेमरिया, भेड़सर एवं गनियारी आदि ग्रामों सहित लगभग 22 गांवों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

# पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त कर्मियों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त हुये सर्वश्री निज सचिव श्री अशोक कुमार देवांगन, अनुभाग अधिकारी श्रीमती स्मृति दत्ता, रायपुर के वी.एल. देवांगन, दुखीराम देवांगन, जगेश्वर दास कर्मियों को विदाई समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने प्रतिकात्मक भेंट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। 30 दिसम्बर 17 को आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि कंपनी की प्रगति में हर कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसका कुशल निवर्हन कर प्रत्येक कर्मी कंपनी को सफलता के मुकाम पर पहुंचाता है।

इसी तहर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) वितरण कंपनी के कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए सहायक श्रेणी-एक श्री सतीश पिटवे को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री प्रहलाद सिंह ने प्रतीक चिन्ह और सेवा प्रमाण पत्र भेंट किया। विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री के.एस. मनोठिया, श्री प्रहलाद सिंह, बी.आर. सोनी, शरद



कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता डब्ल्यू.आर. वानखेडे, वी.के. चड्डा, पी.के. गुप्ता, वितरण कपंनी के (मानव संसाधन) एस.डी. तेलंग, वित्त विभाग के जीएम वाई.बी.जैन तथा कार्यपालक समेत सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री के.बी.एल. चौकसे तथा वितरण कपंनी (मानव संसाधन) के प्रबंधक श्री विकास श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम



का संचालन श्री योगेश नैय्यर ने किया।

**बात इतनी मीठी रखो कि कभी वापिस लेनी पड़ जाए तो खुद को कड़वी न लगे...**


# कुर्यात् सदा मंगलम

## शशांक संग निकिता



छत्तीसगढ़ स्टेट जनरेशन कंपनी के मड़वा-तेंदूभाठा ताप विद्युत परियोजना में अधीक्षण अभियंता (सिविल) के पद पर पदस्थ श्री सुरेश कुमार दुबे के सुपुत्र चि. शशांक दुबे का शुभविवाह सौ.का. निकिता खरे, सुपुत्री श्री अरविंद खरे, अधीक्षण अभियंता (उत्पादन) मध्यप्रदेश के संग 19 नवम्बर 2017 को बिलासपुर में सानंद सम्पन्न हुआ। ...बधाई

## आकांक्षा संग अभिषेक



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मुख्यालय रायपुर के निदेशक कार्यालय में वरिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर कार्यरत श्री सुरेन्द्र कुमार साहू की सुपुत्री सौ.का. आकांक्षा साहू का शुभविवाह छत्तीसगढ़ शासन में निज सचिव के पद पर कार्यरत श्री टी.आर. साहू, के सुपुत्र चि. अभिषेक साहू के साथ रायपुर में 09 दिसम्बर 17 को सोल्लास संपन्न हुआ। ... बधाई।

## इम्तियाज संग फिरोजा



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) कार्यालय में कार्यरत नूरचश्म इम्तियाज खान कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन सुपुत्र श्री इकबाल खान निवासी भिलाई का निकाह नूरचश्मी फिरोजा अख्तरी सुपुत्री श्री अब्दुल लतीफ निवासी राजनांदगांव के साथ 24 नवम्बर 2017 को राजनांदगांव में संपन्न हुआ। ...बधाई

## अंकित संग श्रुति



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नगर संभाग (दुर्ग) कार्यालय में कार्यरत श्री पुष्पेन्द्र कुमार जैन कार्या. सहा. श्रेणी-दो के सुपुत्र चि. अंकित का शुभ विवाह जगदलपुर निवासी स्व. श्री आनंद जैन की सुपुत्री सौ.का. श्रुति के साथ दिनांक 28 जुन 2017 को दुर्ग में सानंद संपन्न हुआ। ...बधाई

# हमारे गौरव

## डॉ. रूबी साहू




छत्तीसगढ़ राज्य पारेषण कंपनी रायपुर के कार्यालय मुख्य अभियंता (क्रय एवं परियोजना) में कार्यरत वरिष्ठ मानचित्रकार श्री रामप्रताप साहू की सुपुत्री डॉ. रूबी साहू ने 'नीट पीजी-2017' की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की। रूबी नई दिल्ली स्थित पीजीआईएमईआर डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज में एम.डी. (पैथोलॉजी) में अध्ययनरत है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि से परिवार एवं पॉवर कंपनी को गौरवान्वित किया है। बधाई ...

## लखपति सिन्दूर



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी रायपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत श्री लखपति सिन्दूर ने पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप स्पर्धा 2017-18 में प्रथम स्थान अर्जित कर पॉवर कंपनी के नाम को गौरवान्वित किया। उन्होंने यह उपलब्धि मास्टर छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 75 किलोग्राम वर्ग में 19 नवम्बर 2017 को बिलासपुर में संपन्न स्पर्धा में अर्जित की। बधाई...

## कु. एकता जैन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के नगर संभाग (दुर्ग) कार्यालय में कार्यरत श्री पुष्पेन्द्र कुमार जैन कार्या. सहा. श्रेणी-दो की सुपुत्री कु. एकता जैन ने इंस्टीट्युट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया 2017 की फाइनल परीक्षा में 206 अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में चयनित हुई। बधाई...

## विक्रान्त चन्द्राकर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अन्तर्गत कार्यालय कार्यपालन अभियंता, संचारण-संधारण संभाग, महासमुंद में कार्यरत श्री एस.के. चन्द्राकर, कार्या.सहा.श्रेणी-एक के सुपुत्र श्री विक्रान्त चन्द्राकर ने एम.टेक थर्मल पॉवर विषय में 98.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं कलिंगा विश्वविद्यालय से प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि हेतु उनके द्वारा राज्य के गवर्नर से वॉइस चांसलर सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया। विक्रान्त 2017 में जूनियर रिसर्च फेलोशिप में चयनित हुए एवं वर्तमान में एसईआरबी प्रोजेक्ट में कार्यरत है, साथ ही पीएचडी हेतु अध्ययनरत है। बधाई...

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक. मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक

# पारे भाजी पाला गोहार


लाल भाजी मुनगा जेह खाये
खून, मर्दानगी ओकर छलकाये
चना भाजी, लाखड़ी, भाटा में सुहाये
देख के ओला जी ललचाये।।

हरिअर मिरी, धनिया बंगाला, लसुन
बनगे चटनी, सुन ओकर गुन
बीपी, केन्सर अइसन भगाय
दवा, दारू के पइसा घलो बचाय।।

करमत्ता, पोइ, चरोटा के भाजी
भात संग ओला हकन के खाजी
जीमीकांदा, महि मे डार के खाले
भगंदर, बवासीर ला तुरते भगाले।।

चुनचुनिया, बथुवा, जरी, कांदा, बोहार
मेथी, मुरई, पालक पारे गोहार
चेंच, पटवा भाजी सन बासी के आहार
शरीर तोर बनही जइसन लोहार।।

कोचइ, कुम्हड़ा अउ उरद के दार
अइसन खिचड़ी के नइ कोई पार
छतीसगढ़ी साग भाजी के गुन कतका सुनांव
होवत हे रात अब, सुते बर जांव।।



**डब्ल्यू.आर. वानखेड़े**
मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र-संचा/संधा)
छग स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लि., रायपुर



# अश्रु जल खारा या मीठा

अठखेली करते पग पर, सज गये महावर।
नुपुरों ने खनकाए, मंद मधुर स्वर।

वीर-शोभ हाँथो पर, भारित हुई चूड़ियाँ।
भाल लिखी पंक्तियों को, ढंक रही बिंदिया।

निधड़क विचरण करती, अवगुंठित हो गई।
वाक-द्वंद अधीर वाणि, चुप-चुप क्यों हो गई।

बरसों में भरी गागर, हो गई हैं रीता,
कैसे कहूँ अश्रु जल, खारा या मीठा।



**शशिकांत देशमुख**
कार्यपालन अभियंता (सिविल),
छ.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., रायपुर

मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स, कंकालीपारा, रायपुर ▪ 98271-76089, 97527-11101

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर**
फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702,
website : www.cseb.gov.in